# पांढुर्णा कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक, अधिकारियों पर जाहिर की नाराजगी

## शिकायतों के समय सीमा में निराकरण के दिए निर्देश

**छिन्दवाड़ा, पांढुर्णा देशबन्धु।** कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, संयुक्त कलेक्टर मेघा शर्मा एवं सुश्री नेहा सोनी, एस.डी.एम. पांढुर्णा श्रीमती अलका एक्का, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रेक्षा पाठक, जनपद पंचायत सी.ई.ओ. पांढुर्णा श्रीमती बंदू सूर्यवंशी सहित जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे। विकासखंड सौसर से एस.डी.एम. सिद्धार्थ पटेल एवं अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए, जिससे दोनों स्तरों पर समन्वय स्थापित कर योजनाओं की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री वशिष्ठ द्वारा जल संचय एवं जनभागीदारी अभियान की गहन समीक्षा की गई। अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों के आंकड़ों का बारीकी से परीक्षण किया गया। जिन विभागों की



प्रगति असंतोषजनक पाई गई, उन्हें स्पष्ट रूप से सुधार के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से कृषि विभाग की प्रगति अत्यंत कम पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए, ताकि अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

लोधीखेड़ा-खमारपानी मार्ग पर कन्हान नदी में निर्मित जलमग्नीय पुल के समीप रेत उत्खनन की प्राप्त शिकायतों को कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने गंभीरता से लिया। इस संबंध में खनिज अधिकारी महेश नगपुरे को स्थल का निरीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए ताकि आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा सके।

कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना सहित अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही असंगठित श्रमिकों के अधिकतम पंजीयन पर विशेष जोर देते हुए आंकड़ों में शीघ्र सुधार लाने के निर्देश भी दिए गए। नगरपालिका क्षेत्र की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजकुमार इवनाती से नीलकंठ शमशान घाट मार्ग की अव्यवस्थित स्थिति एवं विद्युत व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इस पर कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिएए ताकि आमजन को सुविधा मिल सके।

बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारी रघुनाथ खरोले के लंबित पेंशन प्रकरण को लेकर कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने गंभीरता व्यक्त की। इस प्रकरण में सी.ई.ओ. जनपद पंचायत सौसर को 15 दिवस के भीतर पेंशन प्रकरण का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, जिससे संबंधित हितग्राही को शीघ्र राहत मिल सके।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने तथा गैस आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने गैस एजेंसियों का प्रत्येक 3-4 दिवस में नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इससे योजना का लाभ अधिक प्रभावी रूप से आमजन तक पहुंच सकेगा।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान हिमांशु धुर्वे के उपचार संबंधी जानकारी प्राप्त की गई। जानकारी में बताया गया कि उनका ऑपरेशन 15 अप्रैल से 20 अप्रैल के मध्य पाढर अस्पताल में प्रस्तावित है। इस पर कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि उपचार में किसी प्रकार की बाधा न आए।

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने डी-ग्रेड में आने वाले सभी विभागों को चेतावनी देते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के समयबद्ध निराकरण से ही प्रशासन की कार्यप्रणाली में सुधार संभव है।

इसके अतिरिक्त बैठक में डॉ. भीमराव कामधेनु योजना एवं क्षीर धारा अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा भी की गई। संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मत्स्य पालन विभाग को आधुनिक तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के आयोजन को लेकर भी बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला स्तरीय कार्यक्रम अनुसूचित जनजातीय बालक छात्रावास पांढुर्णा में आयोजित किया जाएगा। सभी शासकीय कार्यालयों में डॉ. अंबेडकर के चित्र प्रदर्शित करने तथा अधिकारियों-कर्मचारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग को 8 से 14 अप्रैल तक विद्यालयों में भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक के अंत में कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करें तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी और पारदर्शी रूप से पहुंचाना सुनिश्चित करेंए जिससे शासन की मंशा के अनुरूप जनकल्याण सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन समय पर करते हुए जनसामान्य को लाभ पहुंचाएं, यदि कोई विभाग या अधिकारी कोताही बरतेगा तो अनुशासनात्मक और विभागीय कार्यवाही की जावेगी।

## सार-समाचार

### कांग्रेस सेवादल ने शहीद स्मारक में मंगल पांडे के शहीद दिवस पर दी श्रृद्धांजलि



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कांग्रेस सेवादल द्वारा मंगलवार को शहीद स्मारक पर स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम क्रांतिकारी अमर शहीद मंगल पांडे का शहीद दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेश कपाले ने बताया कि मंगल पांडे का जन्म 19 जुलाई 1827 को उत्तर प्रदेश के नागवा में हुआ था। वे भारत के स्वतंत्रता संग्राम के पहले क्रांतिकारी माने जाते हैं। मार्च 1857 में बैरकपुर छावनी में उन्होंने ईस्ट इंडिया कंपनी के अंग्रेज सिपाहियों के विरुद्ध पहली गोली चलाकर क्रांति की शुरुआत की थी।

जिला अध्यक्ष दीपक बाजपेई ने कहा कि मंगल पांडे ने गाय और सूअर की चर्बी से बने कारतूस को मुंह से काटने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 8 अप्रैल 1857 को बैरकपुर परेड ग्राउंड में उन्हें फांसी दे दी गई। उनका बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। महिला जिला अध्यक्ष डॉ. शबाना यास्मीन खान ने कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राकेश मरकाम, रमेश बेले, शेषराव उइके, सुरेश भावे, विक्की डेहरिया, सिंधु यादव, सन्नो कुमरे, शहजाद बानो, वीणा जैन, रवीना कोचे, बलराम सिंह चौहान, सीमा शुक्ला सहित सेवादल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शिव मंदिर में चोरी, दानपेटी का ताला तोड़ ले गए नकदी, पुलिस गश्त पर उठे गंभीर सवाल

**सौसर, देशबन्धु।** सौसर नगर के सिविल लाईन वार्ड नंबर 13 में स्थित महामृत्युंजय महादेव शिव मंदिर में चोरों ने बेखौफ होकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोरों ने मंदिर में रखी दान पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी नगदी रूपये की चोरी कर ली। इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश और भय का माहौल बन गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे धार्मिक स्थलों को भी निशाना बनाने से नहीं चूक रहे हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां मंदिर परिसर में शराब की बोतल भी पाई गई। आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने पहले शराब का सेवन किया और फिर वारदात को अंजाम दिया। गौरतलब है कि पुलिस थाना सौसर क्षेत्र में पहले भी दुकान के शटर तोड़ने और मोटरसाइकिल चोरी जैसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। इन लंबित मामलों के चलते पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पुलिस की गश्त व्यवस्था कमजोर पड़ती नजर आ रही है, जिसका फायदा उठाकर चोर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। अब देखना यह होगा कि पुलिस मंदिर में चोरी करने वाले आरोपियों तक कब पहुंचती है और क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर कब तक लगाम लग पाती



## मां अहिल्या की प्रतिमा स्थापना पर पाल समाज ने दर्ज कराई आपत्ति

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अखिल भारतीय पाल महासभा के संगठन प्रदेश मंत्री राजेश पाल बाबा ने बताया कि लोक माता अहिल्या बाई की मूर्ति स्थापना एवं बाटिका हेतु पूर्व में ग्राम खजरी गाडरीढाना में सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा भूमि पूजन किया जा चुका है लेकिन समाज के ही कुछ लोगों द्वारा अपनी मन मर्जी से एम.एल.बी. स्कूल के पास स्थित लाड़ली लक्ष्मी पार्क में 10 अप्रैल को लोक माता अहिल्या बाई की मूर्ति स्थापना एवं बाटिका निर्माण हेतु भूमि पूजन किये जाने के लिये महापौर विक्रम आहके को गुमराह कर एम.आई.सी. में प्रस्ताव पारित करवाया इससे समस्त सामाजिक बंधुओं में आक्रोष व्याप्त है। वरिष्ठ अधिकारियों से दोबारा भूमि पूजन नहीं किया जा सकता की बात कही है।

## आदिवासी नाबालिगा से दुष्कर्म के मामले से उपजा आक्रोश

### आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग, विहिप बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** जुन्नारदेव क्षेत्र में एक नाबालिग आदिवासी बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। इस घटना के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन के पदाधिकारियों ने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को ज्ञापन सौंपकर आरोपी सगीर खान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और उसके अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि आरोपी सगीर खान एक आदतन अपराधी है, जिस पर पूर्व में भी लव जिहाद, जिला बदर और रेत व कोयला माफिया से जुड़े होने जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं। हाल ही में उसके घर में कार्यरत एक नाबालिग आदिवासी बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है, जिसके बाद पुलिस ने उस पर पॉक्सो एक्ट और एससी/एसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

**प्रशासन से बुलडोजर कार्रवाई की मांग-**

हिंदू संगठनों का आरोप है कि सगीर खान और उसका परिवार न केवल आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है, बल्कि उन्होंने सरकारी भूमि पर अवैध



अतिक्रमण कर मकान बनाए हैं और उन्हें बेचने का अवैध कारोबार भी कर रहे हैं। आरोपी के वर्तमान निवास और अन्य अवैध निर्माणों पर तुरंत बुलडोजर चलाया जाए और क्षेत्र को अपराधियों के आतंक से मुक्त कराया जाए।

ज्ञापन में कहा गया कि समाज के लिए घातक साबित हो रहे ऐसे तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई हो। संगठन ने इस मांग पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री म.प्र. शासन, गृहमंत्री, पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा और कलेक्टर छिंदवाड़ा को भी प्रेषित की है, ताकि मामले में त्वरित और उच्च स्तरीय हस्तक्षेप सुनिश्चित किया जा सके।

ज्ञापन सौंपने के दौरान विश्व हिंदू परिषद के विभाग सह मंत्री नितेश गोहे और जिला मंत्री राधेश्याम यदुवंशी सहित संगठन के रूपेश लाँझीवर प्रांत सह संयोजक, छोटू पाल प्रांत टोली सदस्य, गोलू सूर्यवंशी विभाग सह मंत्री, राधेश्याम यदुवंशी जिला मंत्री, अक्षय सेंगर जिला संयोजक, राहुल आम्रवंशी जिला मिलन प्रमुख, प्रकाश विश्वकर्मा जिला सह मंत्री, गोलू चौकसे प्रखंड अध्यक्ष, अभिषेक यदुवंशी प्रखंड संयोजक, सौरभ नागवंशी प्रखंड सह संयोजक आदि हिंदूवादी कार्यकर्ता उपस्थित थे। मामले में ध्यानाकर्षण के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई न होने से क्षेत्र के लोगों कें आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

## अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने निकाली रैली, किया धरना, प्रदर्शन

### शिक्षक पात्रता परीक्षा तथा प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना कर वरिष्ठता की मांग को लेकर हल्लाबोल



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सेवानिवृत्ति के कगार पर खड़े अध्यापक शिक्षकों की शिक्षक पात्रता परीक्षा संबंधी निर्णय एवं राज्य शिक्षा सेवा संवर्ग की प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा गणना को लेकर कल 8 अप्रैल 2026 को अध्यापक शिक्षकों ने स्थानीय कलेक्ट्रेट ग्राउंड के सामने विशाल धरना दिया तथा शासन प्रशासन तक अपनी आवाज को पहुंचाते हुए विशाल रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा ।

ज्ञात हो कि शिक्षक पात्रता परीक्षा से संबंधित समस्याओं एवं सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय के संदर्भ में अध्यापक शिक्षकों के हितों की रक्षा तथा प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता को लेकर प्रदेश स्तर पर समस्त शिक्षक संगठन एकजुट हो गए हैं। प्रदेश स्तर पर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के गठन के उपरांत जिले में भी अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा का गठन हो चुका है तथा मोर्चा की प्रदेश इकाई द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुरूप कल 8 अप्रैल 2026 को जिला स्तरीय धरना एवं रैली के उपरांत ज्ञापन सौंपा गया।

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा छिंदवाड़ा की कोर कमेटी ने बताया कि वर्षों से सेवा में रत अध्यापक शिक्षक अपना उत्तरदायित्व पूर्ण मनोयोग से निर्वहन कर रहे हैं, जिसकी परिणति शासकीय विद्यालयों में पढने वाले छात्रों का प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन तथा बोर्ड परीक्षाओं की मैरिट लिस्ट में वर्षों से लगातार शासकीय विद्यालयों के छात्रों की सहभागिता इसका प्रमाण है। पूर्ण मनोयोग से अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन कर रहे अध्यापक शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की कगार पर खड़े अध्यापक शिक्षकों की पात्रता परीक्षा का निर्णय अध्यापक शिक्षकों की अस्मिता का प्रश्न है ।

राज्य शिक्षा सेवा संवर्ग की सेवा गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से नहीं किये जाने को लेकर भी संवर्ग में असंतोष व्याप्त है। इसके कारण सेवानिवृत्त साथियों को सेवानिवृत्ति पर प्राप्त होने वाले लाभों जैसे ग्रेच्युटी एवं पुरानी पेंशन से वंचित होना पड़ रहा है। इन सभी समस्याओं के चलते अध्यापक शिक्षकों के समस्त संगठनों द्वारा संयुक्त मोर्चा बनाकर अपनी मांगें शासन प्रशासन तक शांतिपूर्ण तरीके से पहुंचाने का निर्णय लिया गया है।

आठ अप्रैल के धरना प्रदर्शन, ज्ञापन का कार्यक्रम इसी तारतम्य में आयोजित किया गया। मोर्चा की प्रदेश इकाई द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार आगामी 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तरीय धरना, रैली एवं ज्ञापन तथा 18 अप्रैल को प्रदेश स्तरीय धरना, रैली तथा ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम भी घोषित किया गया है ।

उक्त समस्याओं को लेकर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा स्थानीय कलेक्ट्रेट के सामने ग्राउंड में जिला स्तरीय एक दिवसीय धरना दिया गया जिसमें अतिथियों, मार्गदर्शकों, वक्ताओं तथा मोर्चा की कोर कमेटी द्वारा सैकडों की संख्या में उपस्थित अध्यापक शिक्षक साथियों को संबोधित करते हुए पात्रता परीक्षा तथा वरिष्ठता की मांगों को लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए गए तथा शासन, प्रशासन तक अपनी मांगों को पहुंचाने के संबंध में चर्चा करते हुए आगामी कार्यक्रमों के संबध में रणनीति को अंतिम रूप भी दिया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ मार्गदर्शक, अतिथियों, अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा कोर कमेटी के समस्त अध्यापक शिक्षक, कर्मचारी संगठनों के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य पदाधिकारियों सहित सैकडों की संख्या में मातृशक्ति सहित भारी संख्या में अध्यापक शिक्षकों की उपस्थिति रही, जिसमें मोर्चा के संरक्षक सदस्य हेमंत चांद, सतीश गोंडाने, रमेश शर्मा ने अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम के आयोजन में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा कोर कमेटी से अरविंद भट्ट, किरण शर्मा, राजिक कुरैशी, ताराचंद भलावी, महेश भादे, संजय सिन्हा, राघवेंद्र वसूले, सजीर कादरी, आरिफ खान, राजेश जैन, हीरालाल चौरे, रामाजी पाठ, वीरेंद्र शर्मा, सुशील दोईजड़ संतोष बघेल, दीपक साहू, संतोष डोंगरे, विजय अरमरकर, योगेश दुबे, अरुण दत्त मिश्रा, देवराव पवार, राजेंद्र करमेले, रवि विश्वकर्मा, अनिल कोठेकर, अर्जुन पवार, शेखर पांडे, कुलदीप मोखलगाय, विनोद डेहरिया, अविनाश श्रीवास्तव, रामाशीष त्रिपाठी सहित सैकड़ो साथियों का सराहनीय योगदान रहा ।